

## एक नजर में

### राठौर ट्रस्ट के ट्रस्टी के 13 पदों के लिए मतदान 18 अप्रैल को

**खण्डवा ।** तहसीलदार एवं चुनाव अधिकारी श्री महेश सोलंकी ने बताया कि राठौर सकल पंच ट्रस्ट खंडवा के ट्रस्टी पद के लिए मतदान 18 अप्रैल को होना है। इसके लिए कुल 13 ट्रस्टी पद के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया 13 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से शुरू होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। नाम निर्देशन पत्र बुधवार 15 अप्रैल को प्रात: 11 से दोपहर 3 तक संयुक्त तहसील कार्यालय नवीन भवन में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन की संवीक्षा 16 अप्रैल को प्रात: 11 से की जाएगी, अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस लेने की कार्यवाही 16 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से की जाएगी। तहसीलदार खंडवा एवं चुनाव अधिकारी राठौर सकल पंच ट्रस्ट खंडवा श्री सोलंकी ने बताया कि श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय नवीन भवन में मतदान 18 अप्रैल शनिवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा तथा मतों की गणना मतदान के तुरंत बाद की जाएगी। निर्वाचन परिणाम की घोषणा मतगणना के तुरंत बाद की जाएगी। तहसीलदार श्री सोलंकी ने बताया कि अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन पत्र हरसूद रोड पर स्थित नई तहसील कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सद्भावना मंच ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया नमन



**खंडवा।** मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक समानता, महिला शिक्षा और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए उनके व्दारा किये गये संघर्ष को याद कर जयंती मनाई गई। मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि बा एक महान भारतीय समाज सुधारक, विचारक और कार्यकर्ता थे, जिन्होंने जाति प्रथा, महिला उत्पीड़न और अशिक्षा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने पुणे में सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहला विद्यालय खोला। सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को समानता और अधिकार दिलाना था। इस मौके पर पूर्व डीएसपी आनंदपाल तोमर, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, त्रिलोक चौधरी, डॉ एमएम कुरैशी, राधेश्याम शाक्य, एनके दवे, राकेश तिवारी, फिरोज खान, सत्यम सोनी, सुभाष मीणा, कैंलाश पटेल आदि व्दारा राष्ट्र के लिए दिये योगदान को याद कर नमन किया गया।

### 13 अप्रैल को अंबेडकर जयंती समारोह, 14 तक विविध कार्यक्रम

**खंडवा।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह 13 अप्रैल को किशोर कुमार सभागृह में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी अधिकारियों को अपने विभागीय कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके तहत विद्यालयों में प्रतियोगिताएं, चित्रकला व सांस्कृतिक कार्यक्रम, छात्रावासों में स्वच्छता अभियान व व्याख्यान, 13 अप्रैल को आदर्श ग्रामों में व्याख्यान व रैलियां तथा 14 अप्रैल को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं और छात्रावासों में विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा।

### 9 मई की नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

**खंडवा।** जिला न्यायालय खंडवा में शनिवार को आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने की, जिसमें खंडवा के साथ हरसूद और पुनासा के न्यायाधीशगण शामिल हुए। न्यायाधीश श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र और सरल न्याय मिल सके। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम न्यायालय प्रकरण, ट्रैफिक चालान, एनएचडीसी से जुड़े मामले तथा प्री-लिटिगेशन के विद्युत, बैंक, जलकर और संपत्तिकर संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। बैठक में नेशनल लोक अदालत समन्वयक उत्सव चतुर्वेदी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पियूष भावे सहित सभी न्यायाधीश उपस्थित रहे।

### गोयल ने लायन्स भोजन सेवा में किया भोजन वितरण



**खंडवा।** लायंस क्लब खंडवा द्वारा संचालित जिला चिकित्सालय परिसर स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में समाजसेवी रितेश गोयल एवं उनके मित्र मंडल ने मरीजों, परिजनों व जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक बैठाकर भोजन व मिठाई परोसी। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. श्रीमती सुशीला जी गोयल की जयंती पर दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर गांधीप्रसाद गदले, नारायण बाहेती, सुनील जैन, राजीव शर्मा, बी.आर. तिरोले, राजीव मालवीय, घनश्याम वाधवा, बी.पी. तिरोले, महेंद्र सावनेर, सुशीला गदले सहित अन्य सदस्यों ने रितेश गोयल व उनके साथियों का स्वागत किया। रितेश गोयल ने कहा कि लायंस क्लब खंडवा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य प्रेरणादायक हैं और वे आगे भी सहयोग देते रहेंगे।परमजीत सिंह नारंग ने अन्नदान को महादान बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र के कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें साड़ियां व ड्रेस भेंट की गई। साथ ही राजीव शर्मा व परिवार ने स्व. राजकुमारी शर्मा की स्मृति में विशेष सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदस्य, मित्रगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# नवचंडी मेला जमीन पर दुकान निर्माण पर हाईकोर्ट की रोक, ननि को झटका

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने खंडवा स्थित नवचंडी माता मंदिर की मेला भूमि (5.05 एकड़) पर नगर निगम द्वारा किए जा रहे दुकानों के निर्माण पर अंतरिम रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने 8 अप्रैल को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि बाउंड्रीवॉल और सड़क के बीच किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मेला भूमि को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पार्किंग, अग्निशमन और पुलिस व्यवस्था के लिए खाली रखा जाना आवश्यक है। यह आदेश अंतिम निर्णय तक प्रभावी रहेगा भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा पर खतरा बताया याचिकाकर्ता मीना वर्मा ने निर्माण को जनहित के विरुद्ध बताते हुए चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान नगर निगम ने भी स्वीकार किया कि भूमि मेला आयोजन के लिए आरक्षित है। कोर्ट ने रिकॉर्ड और प्रस्तुत तस्वीरों के आधार पर माना कि निर्माण से भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होंगी, जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खतरा है। मेला संचालन को लेकर विवाद नवचंडी मेले का संचालन वर्षों से



परंपरागत रूप से महंत बाबा गंगाराम द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन पिछले दो वर्षों से नगर निगम ने इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इसी दौरान मेला भूमि पर दुकानों के निर्माण को लेकर विवाद बढ़ा और विरोध प्रदर्शन भी हुए। विरोध के बावजूद जारी था निर्माण स्थानीय विरोध और प्रदर्शन के बावजूद नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया था। अब हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद निर्माण पर पूरी तरह रोक लग गई है, जिससे प्रशासनिक फैसलों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## भकराड़ा के एक ही परिवार के तीन सगे भाई बनेंगे कांस्टेबल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम भकराड़ा एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी सफलता के लिए चर्चा में है। मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के हालिया परिणामों में इस गांव के कुल सात युवाओं ने सफलता हासिल कर खाकी वर्दी पहनने का सपना पूरा किया है।

इस उपलब्धि की सबसे विशेष बात यह है कि चयनित युवाओं में एक ही आदिवासी परिवार के तीन सगे भाई रविंद्र डावर, ललित डावर और गुलाब डावर शामिल हैं। इन भाइयों के साथ ही गांव के राहुल मोरे और तीन प्रतिभावान बेटियों लीला चौहान, रेनू चौहान व रानू जामोद का



रविन्द्र डावर, ललित डावर, गुलाब डावर, राहुल मोरे, लीला चौहान, रेनू चौहान, रानू जामोद

भी कांस्टेबल पद पर चयन हुआ है। इन सभी युवाओं का पारिवारिक परिवेश खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है। इन्होंने अपनी सफलता का आधार इंदौर में रहकर की गई कड़ी मेहनत और कोचिंग को बताया है। अपनी जड़ों से जुड़े इन युवाओं की सादगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान जब भी ये गांव आते थे, तो खेतों में अपने परिवार का हाथ बंटाने से पीछे नहीं हटते थे। भकराड़ा गांव धीरे-धीरे सैनिकों और पुलिसकर्मियों के गांव के रूप में पहचान बना रहा है। यहां की मिट्टी में देश सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा है, जिसका प्रमाण यह है कि वर्तमान में गांव के 20 से अधिक युवा पुलिस और सेना के विभिन्न अंगों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सफलता का यह सिलसिला नया नहीं है, पिछले वर्ष भी इसी ग्राम की राजपूत समाज की तीन सगी बहनों ने एक साथ मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित होकर इतिहास रचा था। इन युवाओं की इस सामूहिक सफलता से पूरे क्षेत्र और विशेषकर आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है।

## बेटी के निकाह की खुशियां मातम में बदलीं

### जंगली जानवर से टकराई दंपती की बाइक, पत्नी की मौत

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों भरे घर को गम में बदल दिया। बेटी के निकाह का निमंत्रण बांटकर लौट रहे दंपती की



बाइक जंगली जानवर से टकरा गई, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, चारखेड़ा निवासी अयूब खान (45) अपनी पत्नी बिलकिस खान (40) के साथ शेखपुरा क्षेत्र में रिश्तेदारों को निकाह का कार्ड देने गए थे। शुक्रवार को लौटते समय अचानक सड़क पार कर रहे जंगली जानवर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बिलकिस के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अयूब खान घायल हो गए।घायल अयूब खान का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।13 अप्रैल को होना था निकाह, तारीख निरस्तपरिजनों ने बताया कि अयूब खान की बेटी का निकाह 13 अप्रैल को होना था और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। पूरा परिवार निमंत्रण बांटने में जुटा था, लेकिन इस हादसे के बाद परिवार ने फिलहाल निकाह की तारीख निरस्त कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## टीईटी का विरोध, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग

नवभारत न्यूज

**खालवा।** विकासखंड मुख्यालय पर शनिवार को अध्यापक शिक्षक मोर्चा विकास खंड खालवा के बैनर तले शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) की अनिवार्यता का विरोध, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर विशाल धरना और विरोध रैली निकाली।

सैकड़ों की संख्या में जुटे शिक्षकों ने टीईटी को लेकर बनाए गए बंधन को हटाने, वरिष्ठता की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग रखते हुए सरकार के निर्णयों पर आपत्ति दर्ज कराई। मोर्चा के मोहित दुबे, विष्णु प्रसाद राजपूत ने कहा है कि 25-30 वर्षो से दुर्गम आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा का कार्य कर रहे शिक्षकों पर अब पात्रता परीक्षाथोपना शिक्षक के



अनुभव एवं सम्मान के साथ खिलवाड़ है। शिक्षकों का कहना था कि यह विभाग का अन्याय पूर्ण दृष्टिकोण है। और इसे वापस लिया जाना चाहिए। रैली धरना स्थल से शुरू होकर तहसील कार्यालय पहुंची। जहां मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार राजेश कोचले को सौंपा। महेश सावनेर, श्रवण ग्वालवंशी और प्रदीप सोनी ने बताया कि ज्ञापन के जरिए टीईटी संबंधी बाध्यता हटाने के साथ सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार से अपने स्तर पर पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत करने की मांग की गई। आंदोलन की पृष्ठ भूमि बताते हुए संजय तिवारी ने कहा की शिक्षक अपनी मांगो को लेकर आर पार की लड़ाई के मूड में है। धरने में अजय गौर, जयसिंह चौहान कमलेश टाक, कांता प्रसाद यादव, घनश्याम वर्मा, दिनेश देवराले, चंद्रकला परते, जया मालवीय, रमा निशोद अन्य शिक्षक मौजूद रहे। मोहित दुबे संचालन ने किया, आभार जितेन्द्र चौहान ने व्यक्त किया

## क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत समय पर हो सर्वे पूर्ण...

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजना प्रदेश में लागू की गई है। इस योजना के तहत 3 वर्षों में जिले के सभी गांवों को क्षीर धारा ग्राम घोषित किया जाना है। यह योजना 3 चरणों में पूर्ण होगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांव में दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालको की आय को बढ़ना है।

अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर क्षीर धारा ग्राम योजना के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रावधानों के तहत समय सीमा में सर्वे कार्य किया जाए। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण के लिए शिविर लगाने के निर्देश भी दिये। अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बैठक में वन ग्रामों में वन विभाग की योजनाओं से पशुपालको को जोड़ने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं से पशुपालन हेतु हरा चारा



उत्पादन के लिए कृषकों को उत्साहित करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर श्रीमती गौडा ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत विभाग से समन्वय कर ग्रामों में इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जाए और ग्रामीणों को योजना के लाभ के बारे में बताया जाए। उन्होंने 4-5 ग्रामों को मिलाकर क्लस्टर मीटिंग करने के निर्देश दिये, जिसमें पशुपालन, कृषि, वन एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ हेमन्त शाह ने गांवों में किये जा रहे सर्वे कार्य, टीकाकरण, टैगिंग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में पशु पालन विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम के लिए कुल 124 गांवों का चयन किया गया है। चयन का आधार गांवों में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा नस्ल सुधार, हरा चारा प्रबंधन से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, तथा टीकाकरण के माध्यम से पशु स्वास्थ्य को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि गांव में उपलब्ध गौमूत्र और गोबर से जैविक खेती को ब?ावा मिलेगा तथा पशुपालको की आय में वृद्धि होगी। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कृषि विभाग, वन विभाग तथा पंचायत विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा।

## स्वच्छता ऑडिट में 11 फीसदी कचरा गाड़ी फेल, निगमायुक्त ने लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के तहत नगर पालिक निगम खंडवा के कचरा संग्रहण वाहनों का स्वच्छता ऑडिट किया गया। अभियान के दौरान कुल 60 वाहनों का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें महज 89 प्रतिशत वाहन ही मानकों पर खरे उतर सके।

बाकी वाहनों में भारी खामियां पाए जाने पर निगम प्रशासन ने सुधार के निर्देश जारी किए हैं। निरीक्षण के दौरान 4 वाहनों से सैनिटरी वेस्ट के




पीले डिब्बे गायब थे, तो 8 वाहनों में हानिकारक कचरे के काले डिब्बे पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाए गए। कचरा अलग-अलग रखने के वाहनों में गीले और सूखे कचरे का पार्टीशन ही टूटा हुआ मिला। जबकि स्वच्छता का संदेश देने वाले करीब 10 वाहनों पर लिखे नारे धुंधले हो चुके हैं। वाहनों में ब्लैक बॉक्स और ड्राइवर सीट जैसी तकनीकी कमियां भी उजागर हुई हैं। इस लापरवाही पर आयुक्त प्रियंका राजावत ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में नियमित ऑडिट होंगे और किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई मित्रों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें नई वर्दी, मास्क और दस्ताने अनिवार्य रूप से मुहैया कराए जा रहे हैं।

## किल्लौद में कांग्रेस की नई कार्यसमिति का सम्मान

**खंडवा।** किल्लौद क्षेत्र के ग्राम गरबड़ी में कांग्रेस की नवनियुक्त जिला, ब्लॉक, मंडलम व ग्राम पंचायत कार्यसमिति के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने की।



उन्होंने कहा कि संगठन ने जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। घोषित पदों में आनंद सिंह कलम को जिला महामंत्री, शैलेंद्र सिंह तोमर को जिला सचिव और प्रदीप राठौर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं मंडलम अध्यक्ष के रूप में शेर सिंह तोमर, रमेश चौहान और जितेंद्र देवड़ा सहित अन्य को जिम्मेदारी दी गई। मुख्य अतिथि रामकिशोर दोगने, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह पुरनी सहित अन्य नेताओं ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है और कार्यकर्ताओं को जनता व किसानों की आवाज मजबूती से उठानी होगी। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होम कम्पोस्टिंग से बदल रही शहर की तस्वीर, रंग ला रहा निगम का डोर-टू-डोर अभियान

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर पालिक निगम खंडवा की आईईसी टीम द्वारा शहर में होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान अब असर दिखाने लगा है। शहर के कई नागरिक, खासकर महिलाएं, अपने घरों में गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं।

**नागरिकों की सराहनीय पहल**-अभियान के तहत संतोष कन्नौज, ओपी पाराशर, कुसुम तिवारी, संध्या पांडे, जानकी अग्रवाल, दीपिका वर्मा, मीनाक्षी भावसार, अर्चना राजपूत, संजय अत्रे और प्रीति अग्रवाल जैसे नागरिकों ने घर पर कम्पोस्टिंग अपनाकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। निगम ने इन सभी के प्रयासों की सराहना की है।

**क्यों जरूरी है होम कम्पोस्टिंग**-होम कम्पोस्टिंग से न केवल गीले




कचरे का घर पर ही निपटान हो जाता है, बल्कि लैंडफिल पर दबाव कम होता है। इससे जैविक खाद तैयार होती है, जो घर के बगीचों में उपयोगी है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी, स्वच्छता में सुधार और रासायनिक खाद पर खर्च में बचत जैसे कई फायदे मिलते हैं।

**ऐसे करें घर पर कम्पोस्टिंग**-निगम के अनुसार, नागरिक आसानी से घर पर कम्पोस्टिंग कर सकते हैं-ढक्कन वाले छेदयुक्त डिब्बे या कम्पोस्ट पॉट का उपयोग करें, गीले और सूखे कचरे को अलग रखें, सूखी और गीली परतों की लेयरिंग करें, हर 2-3 दिन में मिश्रण को हिलाएं और हल्की नमी बनाए रखें। लगभग 30 से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार हो जाती है।